डी. ए. वी. पब्लिक स्कूल, वेलचेरी, चेन्नई – 42

गणतंत्र दिवस समारोह 2022

डी. ए. वी. पब्लिक स्कूल, चेन्नई के तत्त्वावधान में 73 वॉ गणतंत्र दिवस आभासी माध्यम से धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के शारीरिक शिक्षा प्रशिक्षकों द्वारा ध्वजारोहण करके किया गया। सभी ने राष्ट्रीय ध्वज को सलामी देते हुए सम्मान और अखंडता को बनाए रखने का संकल्प लिया। राष्ट्रगान गाकर राष्ट्रध्वज को सलामी दी गई। इसके बाद विद्यालय के छात्र–छात्राओं द्वारा शिक्षाप्रद सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जो बहुत ही सराहनीय और सभी को मंत्रमुग्ध करने वाला था।

गणतंत्र दिवस परेड, इसके इतिहास और महत्त्व पर बारहवीं कक्षा के कार्तिक सोनी द्वारा ज्ञानवर्धक प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों द्वारा एक वृत्तचित्र प्रस्तुत किया गया, जिसमें बाल बहादुरी पुरस्कार प्राप्त करने वाले विभिन्न बच्चों की विस्तृत जानकारी दी गई। आगे की कड़ी में छात्र–छात्राओं द्वारा संविधान का विस्तृत विवरण दिया गया, जो बहुत ही जानकारीपूर्ण रहा। तत्पश्चात विद्यार्थियों ने संविधान सभा की पॉच अनसुनी महिला सदस्यों पर दिलचस्प जानकारी प्रदान की।

कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए विद्यार्थियों ने प्रेम बिहारी नारन रायज़ादा द्वारा संविधान को तैयार करने की यात्रा को दिखाया। तदुपरांत भारतमाता की संस्कृति और विरासत पर प्रस्तुत सुंदर देशभक्ति गीत एवं आकर्षक नृत्य ने उपस्थित सभी लोगों को भावविभोर कर दिया। इसके बाद वीडियो के माध्यम से विद्यालय में संपन्न 'आज़ादी का अमृत महोत्सव' से संबंधित विभिन्न गतिविधियों पर प्रकाश डाला गया।

विद्यालय की प्रधानाचार्या माननीया श्रीमती मीनू अग्रवाल ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि यह आज़ादी महापुरुषों के जुझारू संघर्ष का परिणाम है। सतत जागरूकता ही स्वतंत्रता की वास्तविक कीमत है। शांतिपाठ के साथ भव्य समारोह का समापन हुआ।

जय हिंद !

डी. ए. वी. पब्लिक स्कूल, वेलचेरी, चेन्नई – 42

गणतंत्र दिवस समारोह 2022



विद्यालय में ध्वजारोहण



छात्र–छात्राओं द्वारा संविधान का विस्तृत विवरण



भारतमाता की संस्कृति और विरासत
पर एक आकर्षक नृत्य



'आज़ादी का अमृत महोत्सव' से
संबंधित विभिन्न गतिविधियाँ